Regarding need to take measures for the welfare of farmers

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर **(उस्मानाबाद):** मै सदन के माध्यम से अवगत हूं कि प्रधानमंत्री ने किसानों की कृषि आय दोगुनी करने की घोषणा की थी । पिछले साल शुरू होने के बाद सोयाबीन की कीमतें 11000 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गईं । आयात शुल्क कम किया जिसके कारण सोयाबीन की घरेलू कीमत 11,000/- रुपये से गिरकर 4,500/- रुपये प्रति क्विंटल हो गई इससे 5 एकड़ वाले किसान को 2,45000/- रूपये का नुकसान भुगतना पड़ा और इनको पीएम किसान सम्मान द्वारा वार्षिक 6000/- रुपये देकर सम्मान किया गया है । प्याज पर निर्यात शुल्क 40 फीसदी तक बढ़ाने और साथ ही 7 दिसम्बर 2023 को इस पर 31/03/2024 तक निर्यात पर प्रतिबंध है । इससे अभी 70 रु प्रति किलो दर आ रहे थे, तभी इस नीति के कारण अभी 10 रुपये प्रति किलो भाव आ रहा है । केंद्र सरकार ने चीनी मिलों में इथेनॉल के उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया है । केंद्र सरकार को तुरंत इस प्रतिबंध को हटाने चाहिए, इसके साथ ही केंद्र सरकार की ऐसी नीति के कारण दूध के भाव दिन पर दिन कम होते आ रहे है । दूध का भाव प्रतिलिटर 35 रुपये था वह घटकर 22 रुपये तक आया है । किसान के हित में निर्णय लिया जाये ।